प्रादेशिक समाचार

दिनांक–31.05.2024 (दोपहर–1455 बजे)

****

लोकसभा के सातवें और अंतिम चरण के चुनावों के लिए मतदान समाप्ति की ओर पहुंच रहा है। सात राज्यों और एक केन्द्र शासित प्रदेश की 57 लोकसभा सीटों के लिए 7वें और अंतिम चरण का मतदान कल होगा। इसी चरण के तहत झारखंड की तीन सीटों – गोड्डा, राजमहल और दुमका के लिए मतदान कल सुबह सात बजे शुरू हो जाएगा। इन क्षेत्रों में निर्बाध और पारदर्शी मतदान सुनिश्चित करने के लिए निर्वाचन आयोग ने व्यापक प्रबंध किए हैं। मतदान केन्द्रों पर शेड, पेयजल, शौचालय, व्हील चेयर और बिजली की उचित व्यवस्था की गई है। सभी जिला चुनाव अधिकारियों को भीषण गर्मी की स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने की सलाह दी गई है। किसी प्रकार की घटना से निपटने के लिए निर्वाचन क्षेत्रों में सुरक्षा व्यगवस्था बढ़ा दी गई है ताकि मतदान स्वतंत्र और निष्पक्ष तरीके से संपन्न किया जा सके।

****

आयकर विभाग ने वर्तमान लोकसभा चुनावों के दौरान रिकॉर्ड एक हजार एक सौ करोड रूपये और जवैलरी जब्त किये है। अधिकारिक सूत्रों के अनुसार यह 2019 के आम चुनावों में जब्त तीन सौ 90 करोड रूपये की तुलना में 182 प्रतिशत ज्यादा है।

****

गिरिडीह जिला निर्वाचन कार्यालय में मतगणना की तैयारी पूरी कर ली गयी है। चार जून को होने वाली मतगणना में गांडेय उपचुनाव और कोडरमा चुनाव को लेकर हर दूसरे–तीसरे दिन उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा लगातार पचंबा बाजार समिति का निरीक्षण कर रहे हैं। जिले के उपनिर्वाचन पदाधिकारी रंथू महतो ने बताया कि गांडेय और कोडरमा के लिए 1200 सौ से अधिक मतगणना कर्मियों को लगाया जाएगा। सुबह सात बजे से पोस्टल बैलेट से मतगणना की शुरुआत होगी। एक ओर जहां गांडेय उप चुनाव की मतगणना 21 रांउड में पूरी होनी है वहीं, कोडरमा संसदीय क्षेत्र के लिए चुनाव की मतगणना अधिकतम 24 रांउड में होगी। इसमें हजारीबाग जिले का बरकट्टा और गिरिडीह जिले का बगोदर विधानसभा क्षेत्र भी शामिल है।

****

मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने आज रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। इस मुलाकात के दौरान दोनों के बीच चुनाव और मतगणना सहित अन्य मुद्दों को लेकर बातचीत हुई।

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और पार्टी के प्रदेश प्रभारी डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई ने राज्य सरकार पर तुष्टिकरण का आरोप लगाया है। रांची में आयोजित आज एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए प्रदेश प्रभारी ने कहा कि तुष्टीकरण के कारण संथाल परगना क्षेत्र की जनसांख्यिकी में परिवर्तन हो रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य में लव जिहाद और लैंड जिहाद के माध्यम से यहां की संस्कृति को बदलने के लिए संगठित रूप से प्रयास किया जा रहा है। प्रदेश प्रभारी ने आरोप लगाया कि सरकारी संरक्षण में घुसपैठियों को बढ़ावा दिया जा रहा है और यह सब इंडी गठबंधन के संरक्षण में हो रहा है।

****

रांची जिले की पुलिस ने एक सार्थक पहल करते हुए ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात सिपाहियों के लिए एसी हेलमेट मंगवाया है। जिले में पड़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए अभी इसे पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू किया गया है। यातायात पुलिस अधीक्षक कैलाश करमाली ने बताया कि एक हेलमेट की कीमत बीस हजार रुपये है। अगर हेलमेट का प्रयोग सफल रहा तो सभी ट्रैफिक पोस्ट पर तैनात सभी पुलिस कर्मियों को हेलमेट दिया जाएगा, ताकि उन्हें भीषण गर्मी से राहत मिल सके।

****

रांची स्थित हेवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड, एचईसी बचाव मजदूर जनसंघर्ष समिति के सदस्य तीन जून को कंपनी के मुख्यालय में प्रदर्शन करेंगे। समिति के मनोज पाठक ने आज बताया कि प्रबंधन ने पिछले 19 महीने से वेतन का भुगतान नहीं किया है।

****

गुमला जिले के उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में आज जिले के वरीय अधिकारियों और कर्मियों ने समाहरणालय स्थित सभागार में धूम्रपान और अन्य किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पादों का सेवन नहीं करने का संकल्प लिया। विश्व तम्बाकू निषेध दिवस के अवसर पर उपायुक्त ने सभी को धूम्रपान और तम्बाकू के सेवन से बचने की सलाह दी।

****

हजारीबाग के बड़कागांव स्थित गोन्दलपुरा कोल खनन परियोजना के तहत सेना और राज्य पुलिस की भर्ती के लिए तैयारी कर रहे पांच युवाओं ने अग्निवीर की लिखित परीक्षा में सफलता हासिल की है। अपने कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्वों के तहत अदाणी फॉउंडेशन ने परियोजना प्रभावित बच्चों के लिए निःशुल्क पढ़ाई–लिखाई के साथ–साथ उनके शारीरिक प्रशिक्षण की भी व्यवस्था की है। प्रथम बैच से ही पांच छात्रों की सफलता के बाद अन्य अभ्यर्थी भी काफी उत्साहित हैं।

****

सिंगापुर बैडमिंटन ओपन 2024 में त्रिसा जॉली और गायत्री गोपी चन्द की भारतीय जोडी ने एस वाई किम और एच वाई कॉन्गण की शीर्ष कोरियाई जोडी को क्वाजर्टर फाइनल में 18–21, 21–19 और 24–22 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

*******समाप्त********